तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार, 3 अगस्त 2025

11 सफाई कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर हल्ला बोल, न्यूनतम...



12 राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शामिल होने...








## खबर संक्षेप

### बाइक सवार चेन छीनकर हुआ फरार, मामला दर्ज

**बालोद/कलंगपुर।** रनचिरई थाना अंतर्गत के ग्राम कलंगपुर में पूर्व विधायक की पत्नी का चैन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। जिसमे बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने घर के बाहर गली में चल रही पूर्व विधायक घनाराम साहू की धर्मपत्नी 75 वर्षीय चंद्रकुमारी साहू को किसी व्यक्ति का पता पूछने के बहाने रुकवाकर उनके गले से लगभग ढाई तोला सोने का हार को खींचकर फरार हो गए। उनके पुत्र ज्ञानेश्वर साहू ने युवकों का पता लगाने की कोशिश की, तब तक चोर गाँव से बाहर हो गए थे, उनके पुत्र द्वारा तत्काल रनचिरई थाना में फोन लगाकर सुचना दी गई, जिसके बाद रनचिरई थाना ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर खोजबीन जारी कर दी है।

### शदाणी कॉलेज में पीजीडीसीए प्रवेश की अंतिम तिथि 8 तक

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स के लिए 01 अगस्त से आगामी 08 अगस्त तक ऑन लाइन प्रवेश लिया जा सकता है। महाविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में पीजीडीसीए विषय में प्रवेश लेने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं आगामी 08 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश ले सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में सीमित सीटें है। इसलिए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश सम्पन्न होगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्धता होने से पीजीडीसीए के छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान किया जाता है।

### स्कूल में वंदना साहू ने नेवता भोज कराया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में वंदना साहू ने अपने जन्मदिन पर छात्रों को पूरक पोषण आहार के तहत न्योता भोज कराया। उन्होंने पकौड़ी और केला वितरित किया संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेंद्र एल.एस. निषाद, लक्ष्मी चंद सोनवानी, विदेशी राम भूआर्य, सातों धनकर ने जन्मदिन की बधाई के साथ उपहार प्रदान किया।

### शराब के लिए रुपए मांगा, नहीं देने पर की मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लि पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प 1 आजाद मोहल्ला निवासी रेजाला बानो के पति शमीम अंसारी को मोहल्ले के गोल्डी उर्फ परमजीत सिंह ने शराब पीने के लिये पैसा मांगा। नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से मारने पर पति को मुंह और नाक मे चोट आई। आरोपी की पता तलाश में पुलिस जुटी रही सूचना पर पुलिस ने 5 माह से फरार आरोपी परमजीत सिंह कोसा को पकड़ा गया। छताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### मारपीट के आरोपी को भेजा गया जेल

**भिलाई।** दुकान में घुसकर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चंद्रशेखर देवांगन कपड़ा दुकान में काम करता है। आरोपी सूर्यकुमार भारती नशे की हालत में उसके दुकान में जबरन घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। दुकान संचालक व सहकर्मी योगेंद्र सिंह बीच बचाव करने पर आरोपी ने उनके साथ भी गाली गलौच करने लगा।

निर्देश : अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्थ करने दिए निर्देश

# बिना सूचना दिए अवकाश पर जाने से होगी कार्रवाई : उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उईके शनिवार को शासकीय छुट्टी के दिन अचानक डौंडी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आदिवासी ब्लॉक डौण्डी में कार्यरत सभी सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र के सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, सेक्टर सुपरवाईजर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी, ग्रामीण महिला व पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, सभी अस्पतालों के अधिकारियों की मौजूदगी में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरूस्थ करने के लिए समीक्षा बैठक ली।

सीएमएचओ डॉ. उईके ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में सभी कर्मचारी-अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। बिना सूचना के अवकाश पर जाने वालों पर कार्यवाही किये जाने की भी बात उन्होंने कही। इसके अलावा सभी अधिकारी कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने कहा। वहीं आरसीएच एंट्री, अनमोल ऐप में एंट्री, महामारी नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। समस्त कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने, इनसेंटिव का समय पर कर्मचारियों को भुगतान के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य केंद्र की जांच में पहुंचे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी उईके



### बीमारियों के नियंत्रण पर हो पूरा प्रयास



बैठक के दौरान डॉ. उईके ने मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया नियंत्रण, कुष्ठ नियंत्रण, अंधत्व निवारण, एनीमिया, सिकल सेल जैसे हिबमारियों के नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। वहीं टीकाकरण, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बालोद जिले को मिले लक्ष्य को हासिल करने पर जोर दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय ठाकुर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ईश्वर चंद्राकर, संदीप मेश्राम, सूर्यकांत साहू, भूपेश देवांगन, डॉ. जितेंद्र सिंह, बीटीओ अश्विनी कुमार नेताम सहित सभी सेक्टर प्रभारी अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सीएचओ मौजूद थे।

# राजस्थान से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 35 लाख की ठगी के गिरोह का पर्दाफाश







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- दल्लीराजहरा पुलिस की बड़ी सफलता

शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ का लालच देकर बीएसपी के इंजीनियर से 35 लाख 86 हजार 740 रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के तीन आरोपियों को बालोद पुलिस ने राजस्थान के झुंझुनूं जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना राजहरा व साइबर सेल की संयुक्त विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों की जांच और लगातार ट्रैकिंग के जरिए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 3 लाख नकद, 6 मोबाइल फोन और एचडीएफसी, आईडीबीआई, केनरा बैंक की चेकबुक बरामद की गई। साथ ही बैंक खातों में जमा करोड़ों की धोखाधड़ी की राशि को सीज किया गया है। पीड़ित, जो बीएसपी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं, ने 17 जुलाई को थाना राजहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने 28 मई से 30 जून के बीच शेयर ट्रेडिंग ग्रुप के माध्यम से अधिक लाभ के नाम पर कुल 35,86,740 रुपये विभिन्न खातों में UPI/RTGS से जमा किए थे। बाद में ठगी का पता चलने पर मामला दर्ज किया गया। इस मामले में थाना राजहरा में धारा 317(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। गिरफ्तार आरोपी में रामनिवास मुंड 36 वर्ष ग्राम खुदास थाना गोठड़ा जिला झुंझुनूं, मनीष कुमार 26 वर्ष ग्राम कैसेरु थाना मुकुंदगढ़ जिला झुंझुनूं और विवेक दतुसेलिया 26 वर्ष, ग्राम कैसेरु थाना मुकुंदगढ़ जिला झुंझुनूं शामिल हैं। बरामद सामग्री में 3 लाख नकद, 6 मोबाइल फोन, एचडीएफसी, आईडीबीआई, केनरा बैंक की चेकबुक और करोड़ों रुपये की ठगी राशि वाले बैंक खाते सीज किए गए है।

# कैरियर मार्गदर्शन, नशामुक्ति एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला पुलिस द्वारा प्रेरणादायक शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत हाई स्कूल बघमरा के छात्र–छात्रओं को करियर निर्माण, आत्मविश्वास तथा जीवन में दृढ़ संकल्प सकारात्मक विचार के के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु संघर्ष के लिए प्रेरक संदेश दिया गया। साइबर जागरूकता, नशामुक्ति अभियान, एवं यातायात नियमों का पालन करने छात्र–छात्रओं को जागरूक किया गया। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया संबंधित अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के उपस्थिति में साइबर सेल टीम एवं थाना बालोद के द्वारा के जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र–छात्रओं को जानकारी दी गई।

एसडीओपी के द्वारा लक्ष्य को लेकर जीवन संघर्ष, शैक्षणिक यात्र तथा सफलता प्राप्त करने के लिए की अपने मेहनत, अनुभव को साझा किया गया, जिससे छात्रें को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने तथा निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा मिली। इस सत्र ने विद्यार्थियों में आत्ममूल्यांकन की भावना जागृत की और उन्हें अपने भविष्य को लेकर सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सेशन में नशामुक्ति विषय पर विस्तृत जानकारी ▶▶|शेष पेज 10 पर

# छग की हॉकी टीम ने अरुणाचल और बंगाल को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में जारी
- 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बी डिवीजन के पूल में शीर्ष स्थान पर





तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई स्थित मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी डिवीजन के पूल 'बी' में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसमें जिले के कोच व खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम ने अब तक खेले गए मुकाबलों में अरुणाचल प्रदेश को 4–0 और बंगाल को 6–2 से पराजित किया है। इसके पहले, टीम ने उद्घाटन मुकाबले में गोवा को 4–0 से हराया था, जबकि गुजरात के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1–2 से हार का सामना करना पड़ा। इस पूल में कुल पाँच टीमें गोवा, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, बंगाल और छत्तीसगढ़ शामिल थीं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से कुल 29 टीमें भाग ले रही हैं। हॉकी इंडिया द्वारा नियुक्त चयनकर्ता इस चैंपियनशिप के माध्यम से 50 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए करेंगे। बाद में इन्हीं में से चुनिंदा खिलाड़ी भारत की सब जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यूरोप महाद्वीप में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ हुए मुकाबले में आदर्श, रेहान, मनीष वट्टी एवं अभिषेक ने एक एक गोल किए, जबकि बंगाल के विरुद्ध आदर्श ने 4 गोल, और अभिषेक तथा अमन ने एक–एक गोल किए। प्रदर्शन के आधार पर गुलशन को गोवा के विरुद्ध, आदर्श को अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ और अभिषेक को बंगाल के विरुद्ध श्मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम अनुभवी प्रशिक्षण दल के साथ इस राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भाग ले रही है जिसमें अंतरराष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 10 पर

जिला सतनाम समाज ने बैठक में लिया निर्णय

# पुण्यतिथि पर शहर में स्थापित होगी मिनीमाता की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला सतनामी समाज की जिला मुख्यालय भवन में बैठक आहुत की गई, जिसमें 11 अगस्त को मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि मनाने एवं मूर्ति स्थापना करने पर चर्चा हुई। बालोद के ह्रदय स्थल बालोद के तिराहे को मिनीमाता चौक के नाम से जाना जाता है, जिसमें माताजी की मूर्ति स्थापित है, राष्ट्रीय राज मार्ग चौड़ीकरण होने के कारण मूर्ति को अन्य स्थान पर रखा गया था, जिसे पुनः उसी स्थान पर नई साज सज्जा के साथ अतिथियों एवं सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में उक्त तिथि स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने जिला पदाधिकारी एवं सभी तहसील के अध्यक्ष को दायित्व सौंपा गया। जिला अध्यक्ष संजय बारले ने कहा मिनीमाता अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद रही। माताजी समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए अपने घर पर बच्चों को रखकर पढ़ाई, महिलाओं के हक और अधिकार के लिए सड़क से लेकर संसद भवन तक लड़ाई लड़ी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी रहेंगी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतनामी समाज बालोद संजय बारले करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका बालोद कमलेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोना देवी देशलहरा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद विकास चोपड़ा, सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेशवरी, संरक्षक जिला सतनामी समाज बालोद असवन बारले, पूर्व अध्यक्ष सतनामी समाज बालोद टीनेश्वर बघेल, पूर्व अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद विजय बघेल, सदस्य जनपद पंचायत बालोद निर्मला बंजारे, पाषर्द नगर पालिका बालोद सुनीता मनहर अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष संजय बारले, जिला संरक्षक पवन जोशी, असवन बारले, पीडी टण्डन, जिला उपाध्यक्ष रवि टण्डन, कोर कमेटी सदस्य तुलसीदास पंडित, सगठन सचिव राम मंडले, तहसील अध्यक्ष नीलकंठ गुण्डरदेही धनेश बघेल, लोहारा पुनारद गेन्द्रे, अर्जुन्दा पुरषोत्तम बारले, धनी राम बारले, बालोद कृषणा बंजारे, गुरुर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बघेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक उपस्थिति थे।

# महर्षि मुक्ताश्रम हथौद में ट्रस्ट की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद। जिले की तीर्थ स्थल महर्षि मुक्ताश्रम हथौद में ट्रस्ट की बैठक रखी गई। जिसमें मुक्ताश्रम न्यास और धर्म जागरण समन्वय छत्तीसगढ़ जिला बालोद द्वारा आयोजित एक दिवसीय रुद्राभिषेक की तैयारी के विषय में चर्चा की गई। यह आयोजन आज को सुबह मुजगहन चौक से 8 बजे बाइक रैली के रूप में करहीभदर होकर ग्राम हथौद होकर मुक्ताश्रम पहुंचेगी। जहां 10 बजे पुरोहित और संस्कृति आयाम प्रमुख मनोज शर्मा, पौराणिक मिश्र के पुरोहित्य में लक्षित लगभग 108 यजमानों द्वारा मृदा पूजन कर पार्थिव शिव लिंग निर्मित कर विधि विधान से रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म जागरण, धर्मांतरण रोकने और धर्मांतरित परिवारों की घर वापसी के निमित की जा रही है। उद्राभिषेक के बाद संगीत में शिव कथा का आनंद भी लिया जा सकेगा। इस अवसर पर सभी सनातन धर्मियों से उपस्थिति की अपील आयोजकों द्वारा की गई है। बैठक में न्यास के अध्यक्ष गोविंद साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, पवन साहू, लखन नेताम, रामभरोसा साहू, थान सिंग साहू, युवराज साहू, संतोष सिन्हा, सागर दास, मनहरण शर्मा, पौराणिक मिश्र, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत की उपस्थिति थे। उक्तशय की जानकारी आयोजन प्रमुख समाज सेवी नाडी वैद्य डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### व्याख्याता धनसिंग गंजीर को दी विदाई

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेली में पदस्थ व्याख्याता धनसिंग गंजीर का विदाई कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर गायत्री हीरक मंडल अरमरीकला के पदाधिकारी उनके विदाई सम्मान कार्यक्रम में उनके घर पहुंचें। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक बीआर अटनागर, गायत्री शक्तिपीठ गुरुर सहसंयोजक डॉ गोपाल साहू, हीरक मंडल के संयोजक यशवंत कुमार साहू, डॉ हरीकृष्ण गंजीर, शंकर लाल साहू व बड़ी संख्या में गायत्री परिवार की परिजन उपस्थित थे।

### शहीदों की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री से करवाने की मांग की

**बालोद/अण्डा।** जिले के अर्जुंदा तहसील के देवगहन गांव में स्थापित 18 शहीदों की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हाथों करवाने की मांग का समर्थन बालोद जिला सतनामी समाज के अध्यक्ष



संजय बारले ने किया। संजय बारले ने कहा कि किसान लोकेंद्र साहू द्वारा स्वयं 10 लाख खर्च कर 18 शहीदों की प्रतिमा स्थापित की है। जिसमें एक प्रतिमा सतनामी समाज के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के गौरव मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद दीपक भारद्वाज का भी प्रतिमा स्थापित है। जो कि बहुत कम उम्र में देश सेवा में बीजापुर में उपनिरीक्षक पद पर सेवा देते हुए 3 अप्रैल 2021 को नक्सल हमले में शहीद हो गए। छत्तीसगढ़ सतनामी समाज को शहीद दीपक भारद्वाज के शहादत पर गर्व है। शहीद दीपक भारद्वाज की धर्मपत्नी प्रांतिका भारद्वाज ने फोन पर जिलाध्यक्ष संजय बारले से देवगहन गांव में स्थापित अपने शहीद पति के साथ अन्य शहीदों की प्रतिमा अनावरण में समाज की ओर से सहयोग हेतु निवेदन किया है। विदित हो कि प्रांतिका भारद्वाज पिछले साल दो बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को पत्र लिखकर प्रतिमा अनावरण करने हेतु निवेदन कर चुकी है। जिला अध्यक्ष संजय बारले ने समाज की तरफ से हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया है।

## निधन

### राजबाई टंडन

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बड़गांव निवासी राज बाई टंडन का



शनिवार को 103 वर्ष आयु में निधन हो गया। शतकवीर माता का मिट्टी कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक टण्डन प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज की दादी व मंजू भट्टाचार्य की नानी थी।

### फटकन बाई भुरकुरिया

**गुरूर।** ग्राम साल्हेभाट निवासी फटकन बाई भुरकुरिया का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे खूबचंद भुरकुरिया के पत्नी एवं कौशलेश भुरकुरिया की माता थी।

**सम्मान : मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान**

# देवलाल ठाकुर को दिया गया सदस्यता रत्न का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री निवास रायपुर में उत्कृष्ट सदस्यता अभियान 2024–2025 के अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में बालोद जिले से जुड़े कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान 1 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता सम्मानित किए गए। सम्मानित कार्यकर्ताओं के सम्मान में मुख्यमंत्री निवास में भोज का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया और उनके साथ भोजन किया।

सम्मानों की श्रेणी में 1,000 से ज्यादा सदस्य पर सदस्यता दीप, 3,000 से ज्यादा सदस्य पर सदस्यता श्री, 5 हजार से ज्यादा सदस्य पर सदस्यता गौरव, 10 हजार से ज्यादा सदस्य पर सदस्यता रत्न, 20 हजार से ज्यादा सदस्य पर सदस्यता भूषण प्रदान किया गया।

इस समारोह में सांसद भोजराज नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहू व सदस्यता अभियान जिला संयोजक, भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव की उपस्थिति रही।



जिला में विशेष सम्मान प्राप्त कार्यकर्ताओं में सदस्यता रत्न का सम्मान देवलाल ठाकुर को दिया गया, जिसने 10 हजार से अधिक सदस्य बनाए। जयदीप गुप्ता को सदस्यता गौरव का सम्मान दिया गया, जिसने 5 हजार सदस्य बनाए। सदस्यता दीप का सम्मान रूपेश सिन्हा व स्वाधीन जैन को दिया गया जिसने 1 हजार सदस्य बनाए।

इस अवसर पर बालोद जिले के सदस्यता अभियान से जुड़ी प्रदर्शनी की तस्वीरें भी मुख्यमंत्री निवास में प्रदर्शित की गईं। इस संबंध में भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित इस समारोह में प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक एवं संगठन पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सिंहदेव ने बताया कि भाजपा ने विगत वर्ष चलाए गए सदस्यता अभियान में प्रदेश में 60 लाख से अधिक सदस्य बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह कार्यकर्ताओं के निःस्वार्थ तप और परिश्रम को मान्यता देने का प्रतीक है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद असाधारण समर्पण दिखाया है। उन्होंने पार्टी के संगठनिक आधार को और भी मजबूत किया है। यह सम्मान समारोह उनके उत्साह को नई उड़ान देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत भारतीय जनता पार्टी न केवल भारत, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम में जिलेवार सदस्यता प्रदर्शनियों की तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विज्ञान मेला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में प्रसिद्ध रसायनज्ञ प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती को विज्ञान मेला के रूप में मनाया गया। जिसमें विज्ञान संकाय के भैया बहनों हिमांशी सिन्हा, दिव्या साहू तथा कुबेर सिन्हा द्वारा रासायनिक प्रयोग के माध्यम से रंग परिवर्तन जादू दिखाया गया। वाणिज्य संकाय के बहनों बबिता यादव तथा डिम्पल सिन्हा द्वारा एटीएम का मॉडल प्रदर्शित किया गया। केशलेश लेन देन के महत्व को समझाया। कला संकाय की बहने पूजा नेताम तथा वर्षा साहू के द्वारा कम्प्यूटर का मॉडल से आधुनिक दुनिया में उसकी उपयोगिता को बताया गया। कृषि संकाय के बहनों कु हेमंशी नागवंशी, कु गूंजा, दुमेश्वरी, शक्तिश्वरूपा द्वारा उन्नत खेती के मॉडल में ऊपर गाय तथा कुक्कुट पालन नीचे मत्स्य पालन तथा ड्रिप सिस्टम से खेती को प्रदर्शित किया गया। जीव विज्ञान संकाय की बहनों रेशमा साहू तथा डमिता साहू द्वारा हृदय के चार्ट के माध्यम से रक्त तथा ऑक्सीजन प्रवाह को प्रदर्शित किया गया। बहन निहारिका गजमल्ला ने सौरमंडल वेदांश शेखर आहरनाल डामऐश प्रजापति, निखिल साहू, नैतिक एवं साथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाए। मार्गदर्शक खुमेश्वरी साहू, चित्रलेखा पटेल रही। कार्यक्रम का संचालन आशा नेताम दीदी ने किया। उक्त कार्यक्रम में आचार्य योगेश्वर साहू, अगेश्वर हिरवानी, खिलेश्वर साहू, नीमा साहू, खिलेश्वरी, पिंकी सेन, संतोषी नागवंशी, कुमुदिनी यादव, टूमेश्वरी साहू, रोशनी साहू, सीमा निषाद, कामनी साहू, मंजू साहू, मनीषा साहू का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र ने विज्ञान का जीवन में महत्व को बताते हुए उसके लाभ एवं हानि को बताया गया। तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त सहभागी भैया बहनों तथा आचार्य दीदियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया गया।

## विद्यालय स्तर पर पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा टटेंगा में इको क्लब का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय स्तर पर पर्यावरणीय चेतना व सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में यूथ एवं इको क्लब मिशन फॉर लाइफ क्लब का गठन कर शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

जिसमें मुरली कुमार को अध्यक्ष एवं अभिषेक, लक्ष्य कुमार, हिमानी, ललिता, रीवा, सुमन, वेदिका, व लिशा को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया तथा उन सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों का बोध कराया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष दर वर्ष पूरे विश्व का तापमान व असंतुलन बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयास में आप सभी का चयन किया गया है। यदि आज हम सब सचेत नहीं हुए तो कल इसका खामियाजा हमें ही भुगतना होगा।

यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक की है। जिसका उपयोग हमें कम से कम करना चाहिए तथा पर्यावरण के प्रति अपने जिम्मेदार व्यवहार को अपनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी व रीना बोरकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नई टीम को विद्यालय को हरा भरा बनाने के संकल्प को दोहराया।

# कॉलोनी को जलभराव से मिलेगी राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

**वार्ड 12 व 13 में सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ**

चिखलाकसा वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 बरसात के मौसम में लगातार जलभराव की समस्या से जूझ रहे चिखलाकसा नगर के नामदेव कॉलोनी मार्ग पर आज से मरम्मत कार्य की शुरुआत हो गई है। यह कार्य वार्ड पार्षद संध्या शर्मा के निरंतर प्रयासों और तत्परता का परिणाम है, जिनकी मांगों और सक्रिय भागीदारी से नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया। इस कार्य को मूर्त रूप देने में नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संबंधित अधिकारी एवं समस्त पार्षदगणों ने भी सराहनीय सहयोग प्रदान किया है। बारिश के दिनों में नामदेव कॉलोनी तक पहुंचना नागरिकों के लिए चुनौती बन गया था, लेकिन अब यह मार्ग जल्द ही समतल और जलभराव मुक्त हो जाएगा।


वार्डवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पार्षद संध्या शर्मा और नगर पंचायत प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद नागरिकों को न केवल सुगम आवागमन मिलेगा, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता की दृष्टि से भी राहत मिलेगी।

नामदेव कॉलोनी निवासी सुनीता वर्मा ने कहा, बरसात में कीचड़ और पानी से रास्ता पार करना मुश्किल होता था, अब हमें बहुत राहत मिलेगी।/" वहीं एक अन्य निवासी राजेश यादव ने कहा, संध्या शर्मा ने जो प्रयास किया वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह कार्य विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है जो नगर पंचायत की संवेदनशीलता और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता को दर्शाता है। आने वाले समय में वार्ड 12 और 13 के नागरिकों को अब इस पुराने संकट से मुक्ति मिलने की उम्मीद है।

## बिना अनुमति लगाए जा रहे मोबाइल टावर का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

ग्राम पंचायत बेलमांड में बिना वैध अनुमति के मोबाइल टावर लगाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस कार्य का विरोध करते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीण बब्बूराम, भूखन लाल, मिनेशकुमार, लोचन लाल, दिनेश कुमार, लेडिया, मिथलेश कुमार, छगन लाल, ऋतुपर्ण साहू, योगेशकुमार, पारख राम, गोपी राम, ईश्वरलाल, पुकेशकुमार दूरदेशी सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि ग्राम के ही गंगाराम सेन द्वारा अपनी निजी जमीन पर, जो कि ग्राम सीमा से सटी हुई है, मोबाइल टावर लगवाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, टावर लगाने का कार्य एक ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, जो खुद को धमतरी का बताकर कलेक्टर से अनुमति होने का दावा कर रहा है। जब ग्रामीणों ने उससे



अनुमति पत्र दिखाने को कहा, तो उसने गोलमोल जवाब दिया। इससे ग्रामीणों में असंतोष और संदेह पैदा हो गया है।

**ग्रामीणों की आशंका और मांग-** ग्रामीणों का कहना है कि बिना उचित अनुमति और सुरक्षा उपायों के मोबाइल टावर लगने से स्वास्थ्य संबंधी खतरे, विशेष रूप से रेडिएशन से जुड़ी बीमारियाँ, और संरचनात्मक जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने गड्ढा खुदाई पर तत्काल रोक लगाने और टावर निर्माण को स्थगित करने की मांग की है।

## राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शामिल होने डौंडी के खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



एनटीपीसी कोरबा द्वारा आयोजित अंडर 13 ओपन बालिका फुटबॉल का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गर्ल्स फुटबॉल क्लब डौंडी से प्रतीक्षा हिरवानी, आर्ची चतुर्वेदी, मानवी निषाद, तनु यादव, तेजाश्वनी यादव, गुंजन पटेल कोरबा रवाना हुए। वे बस्तर की टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता 2012, 2013 में जन्में खिलाड़ियों के लिए है, जो राज्यस्तरीय सब जूनियर चैंपियनशिप 2025-26 के रूप में आयोजित है। इसमें चयनित होने वाले खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम में भाग लेकर सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के पालकों, क्लब की सभी पदाधिकारी, कोच, ज़िला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों नगर के खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी कि वे अच्छा खेले और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने चयनित होकर नगर, क्षेत्र और जिला का मान बढ़ा कर अपना और अपने परिवार का नाम रौशन करें।

## बिना लाइसेंस के नाबालिग चला रहे वाहन, नियमों की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में स्कूली शिक्षा की तस्वीर के पीछे एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर के मोहम्मद मेराज ने अवर सचिव, शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर को एक औपचारिक शिकायत पत्र भेजकर स्कूली छात्रों द्वारा बगैर ड्राइविंग लाइसेंस बाइक एवं स्कूटी से स्कूल आने-जाने की प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर की है।



मेराज ने बताया कि बालोद जिले के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र दल्लीराजहरा में स्थित विभिन्न विद्यालयों जैसे निर्मला इंग्लिश मीडियम विद्यालय चिखलाकसा, डीएवी विद्यालय, लिटिल बड्र्स एकेडमी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक नेहरू विद्यालय, गांधी विद्या मंदिर तथा श्री साईं शिशु मंदिर विद्यालय कोंडे रोड में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र-छात्राएं बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक या स्कूटी से प्रतिदिन विद्यालय पहुंच रहे हैं।

इस लापरवाही पर चिंता जताते हुए मेराज ने कहा कि न तो अभिभावक इस खतरे को समझ पा रहे हैं और न ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई आपत्ति या प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रवृत्ति न सिर्फ सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है जो खुद छात्रों, राहगीरों और आमजनता की जान-माल को खतरे में डाल सकती है।

मेराज ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि इन मामलों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से विद्यालय परिसर में बाइक व स्कूटी लाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही, यदि कोई छात्र नियमों की अवहेलना करता है तो उसके अभिभावकों पर लापरवाही और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

### अपचारी बालक से गांजा जब्त

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। उसके पास से पुलिस ने 1. 202 कि.ग्रा. गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी सात सौ रुपए जब्त किया गया है। घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया मुखबिर की सूचना पर ग्राम जेवरा शीतला मंदिर के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बेचने वाले बालक को पकड़ा गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**अर्चना साहू ने प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा की**

# विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखंड स्तरीय बालोद कला उत्सव का आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहनी यादव ने कहा कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली छात्र–छात्रओं के लिए कला उत्सव का आयोजन किया जाता है, उसका मुख्य उद्देश्य छात्रें में कलात्मक प्रतिभा को पहचानने एवं उसे पोषित करने हेतु प्रोत्साहित करना है।






कार्यक्रम के नोडल प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि कला उत्सव में पारंपरिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों को प्रदर्शन किया जाता है। ताकि छात्रें की कलात्मक प्रतिभा एवं कला के प्रति रुचि का सम्मान किया जा सके। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमा ठाकुर ने छात्रें की सांस्कृतिक एवं शिल्प कला की सराहना की। कला उत्सव प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव 2015 के विजेता छात्रें रवीना रावटे, पूजा यादव ,पूनम ने उत्साह पूर्वक कलाओं का अवलोकन किया एवं उन्हें प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अर्चना साहू ने प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा की। जिसमें संगीत विधा लोकगीत गायन में कृतिका, बरखा, गायत्री, कुसुम सेजेस बालोद, संगीत वादन आर्केस्ट्रा समूह में वैभव, मिहिर, सूरज, जयप्रकाश सेजेस बालोद, सामूहिक नृत्य में खुशांजलि, तुलसी, रागिनी, हिमांशी सेजेस कन्नेवाड़ा, नाटक रंगमंच विधा में वंदना, वर्षा, निहारिका, नोबिता सेजेस बालोद, कला में पार्मेंद्र, कंचन, देव कुमार माटी शिल्प सेजेस बालोद, पारंपरिक कहानी वाचन पंडवानी गायन में मुस्कान साहू सेजेस बालोद प्रथम स्थान पर रहे।

